भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 851

उत्तर देने की तारीख 6 फरवरी, 2020

17 माघ, 1941 (शक)

आइस हॉकी

851.श्री जामयांग शेरिंग नामग्यालः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में आइस हॉकी को मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो सरकार ऐसा कब तक करने की योजना बना रही है;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि महिला आइस हॉकी टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है और टीम ने उपकरणों की कमी के बाद भी एशिया का 2017 चैलेंज कप जीता है;

(ग) क्या सरकार का आइस हॉकी टीम की महिलाओं को कोटे का लाभ देने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार की ऐसा करने की योजना है;

(ङ) क्या सरकार का लद्दाख में एक आइस हॉकी संस्थान खोलने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो सरकार का ऐसा कब तक करने की योजना है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) सरकार विभिन्न खेल विधाओं को मान्यताप्राप्त खेलों या अन्यथा के रूप में वर्गीकृत नहीं करती है। इस मंत्रालय ने आइस हॉकी एसोसिएशन को आइस हॉकी खेल के संवर्धन के लिए राष्ट्रीय खेल संवर्धन संगठन के रूप में मान्यता प्रदान की है।

(ख) भारतीय महिला आइस हॉकी टीम ने मार्च, 2017 में थाइलैंड में आयोजित इंटरनेशनल आइस हॉकी फेडरेशन चैलेंज कप ऑफ एशिया में चौथा स्थान प्राप्त किया ।

(ग) और (घ): खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन संबंधी कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं.14034/01/2013-स्था.(घ) के अंतर्गत दिनांक 3 अक्तूबर, 2013 को जारी अनुदेशों के अनुसार खेल कोटे के अंतर्गत आरक्षण निर्धारित किया जाता है। आइस हॉकी खेल को खेलों की उस सूची में शामिल किया गया है जो खेल केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में मेधावी खिलाड़ियों की नियुक्ति के लिए अर्हता रखते हैं।

(ड.) और (च): वर्तमान में इस मंत्रालय में लद्दाख में एक आइस हॉकी संस्थान को शुरू करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****